# तात्कालिक साक्षात्कार (WALK IN INTERVIEW)
# स्थान - केन्द्रीय विद्यालय रायवाला ,
# VENUE-KV RAIWALA, DEHRADUN

शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु निम्नलिखित संविदा शिक्षकों के पदों के पैनल तैयार करने के लिए योग्य अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। साक्षात्कार के लिए आवेदन फार्म तथा अर्हता सम्बन्धी सभी प्रकार की जानकारी विद्यालय वेबसाइट (https://raiwala.kvs.ac.in) से डाउनलोड कर इसे पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 19/03/2022 (शनिवार) अपराह्न 5.00 बजे तक इस ईमेल (contractualkvr2021@gmail.com) पर भेज दें । इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति की एक प्रति अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार के समय साथ लायें। आवश्यकता अनुसार विद्यालय पैनल से संविदा पर शिक्षक नियुक्त किये जायेंगे तथा स्थायी शिक्षक की नियुक्ति अथवा आवश्यकता ना होने पर विद्यालय किसी भी समय संविदा शिक्षक की सेवाएं समाप्त कर सकता है । यह पद पूर्णतः अंशकालिक संविदा पर हैं तथा भविष्य में कभी भी नियमित नहीं किये जायेंगे। साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

1. रिर्पोटिंग का समय एवं पंजीकरण 8:30 बजे से 9:30 बजे प्रातः । यदि अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा हो तो प्रातः 10:00 बजे एक स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जा सकती है अतः अभ्यर्थी पूर्ण तैयारी के साथ आएँ।
2. प्रातः 9:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. ग्रीष्म, शरद एवं शीतकालीन व व्यक्तिगत अवकाश लेने पर वेतन नहीं दिया जायेगा।

| क्रम संख्या | पद एवं विषय | साक्षात्कार की तारीख व स्थान |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर शिक्षक- कम्प्यूटर साइंस | 28.03.2022 केन्द्रीय विद्यालय रायवाला |
| 2 | कंप्यूटर प्रशिक्षक | |
| 3 | प्रशिक्षक खेलकूद- बॉलीबॉल, टी. टी. खो-खो फुटबाल,एथेलेटिक्स | |
| 4 | संगीत (नृत्य)/कला प्रशिक्षक | |
| 5 | योग शिक्षक | |
| 6 | परामर्शदाता /Counselor | |
| 7 | स्टाफ नर्स | |
| 8 | स्नातकोत्तर शिक्षक- भौतिकी, जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान , हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, वाणिज्य | 29.03.2022 केन्द्रीय विद्यालय रायवाला |
| 9 | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सा.अध्ययन एवं संस्कृत | |
| 10 | प्राथमिक शिक्षक | |

सभी अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार स्थल पर राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 से संबंधित SOP का पूर्णतः पालन किया जाए।

**नोटः-** आवेदन पत्र ऑनलाइन/ऑफलाइन स्वीकार किये जायेंगे।

**प्राचार्या**

# विभिन्न पदों के लिए पात्रता

## ELIGIBILITY CRITERIA FOR VARIOUS POSTS

| क्र.सं. | पद एवं विषय | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर शिक्षक- भौतिकी, जीवविज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, रसायन शास्त्र | मान्यता प्राप्त संस्थान व विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50% अंक एवं बी.एड. डिग्री |
| 2 | स्नातकोत्तर शिक्षक- कम्प्यूटर साइंस | मान्यता प्राप्त संस्थान व विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ-<br>क) बी.टेक/बी.ई./एम. टेक./ एम.एस.सी.(कम्प्यूटर साइंस)/ एम.सी.ए. या<br>ख) किसी भी शाखा से बी.ई/ बी.टेक के साथ कम्प्यूटर में पी.जी. डिप्लोमा या<br>ग) बी.एस.सी.( कम्प्यूटर साइंस)/ बी.सी.ए. या समकक्ष के साथ किसी भी विषय में पी.जी. डिग्री या<br>घ) DOEACC से बी लेबल के साथ किसी भी विषय में पी.जी. डिग्री या सी लेबल के साथ किसी भी विषय में स्नातक |
| 3 | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सा.अध्ययन एवं संस्कृत | संबंधित विषय में ग्रेजुएट (न्यूनतम 50% अंक) एवं बी.एड. डिग्री सी.टी.ई.टी./टी.ई.टी को प्राथमिकता |
| 4 | प्राथमिक शिक्षक | क) सीनियर सेकंड्री स्कूल प्रमाणपत्र या इंटरमीडिएट परीक्षा न्यूनतम 50% अंकों के साथ व बी.टी.सी. या एजुकेशन में डिप्लोमा।<br>ख) सी.टी.ई.टी./ टी.ई.टी. सफल अभ्यर्थी को प्राथमिकता |
| 5 | कम्प्यूटर इंस्ट्रक्ट्रर | मान्यता प्राप्त संस्थान व विश्वविद्यालय से बी.टेक./बी.ई./एम. टेक/एम.एस.सी.(कम्प्यूर साइंस)/ एम.सी.ए. अथवा किसी भी विषय में पी.जी. डिग्री के साथ DOEACC से बी लेबल अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | खेल-कूद प्रशिक्षक(ऐथलिटिक/ टेबल टेनिस/जूडो) | संबंधित क्षेत्र में डिग्री/डिप्लोमा |
| 7 | योगा प्रशिक्षक | योगा में स्नातक अथवा स्नातक के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा |
| 8 | काउंसलर | मनोविज्ञान में स्नातक उपाधि के साथ काउंसलिंग में मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र/डिप्लोमा। मान्यता प्राप्त विद्यालय में छात्रों को कैरियर/शैक्षिक परामर्शदाता के रूप में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव अथवा प्लेसमेंट ब्यूरो में कार्य करने का ज्ञान और अनुभव अथवा वोकेशनल काउंसलर के रूप में आर.सी.आई. में पंजीकरण। |
| 9 | स्टाफ नर्स | सामान्य सहायक धात्री में डिप्लोमा |

नोट:-

१. सभी पदों हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से पढाने की क्षमता एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान वांछनीय है।
२. सभी पद पूर्णतया संविदा पर आधारित हैं एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्धारित नियमों के अनुसार समेकित वेतन देय हैं तथा किसी भी समय पूर्व सूचना एवं कोई भी कारण बताये बिना पद से हटाया जा सकता है।
३. एक से अधिक पद के लिये अलग से आवेदन करना होगा |
४. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्राचार्या